MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:02 NOV. 2026

दैनिक भास्कर

डीबी स्टार भोपाल 02-11-2026

भोपाल

सोमवार, 02 नवंबर 2026 | 2

पत्रकारिता विवि के छात्रों ने समझा सदन में कामकाज का तरीका



भोपाल • डीबी स्टार। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने विंध्याचल भवन स्थित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संसदीय व्यवस्था, विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संसदीय विद्यापीठ के संचालक राजेश गुप्ता, एम.के. रंगरिया, दीप्ति तंवर तथा विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. प्रदीप डहरिया व डॉ. उदित्य सिंह सेंगर की उपस्थिति में हुआ। पहले दिन डॉ. उत्तम सिंह चौहान ने विधान मंडल गठन, मिलिंद वाइकर ने बजट निर्माण और अनुराग श्रीवास्तव ने विधि निर्माण की प्रक्रिया पर व्याख्यान दिए।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया। अमिताभ अवस्थी ने प्रश्न, स्थगन प्रस्ताव व शून्यकाल की जानकारी दी, जबकि पुनीत श्रीवास्तव ने 'सूचना का अधिकार' विषय पर व्याख्यान दिया। शैक्षणिक समन्वयक डॉ. प्रदीप डहरिया ने बताया कि यह अनुभव विद्यार्थियों की पत्रकारिता और विधायी रिपोर्टिंग को समृद्ध करेगा। समापन पर सभी को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

P